



# Patna University In News (04.09.2022)

THE TIMES OF INDIA

## Patna University, SHSU sign MoU for study in biosciences



**PATNA**: Patna University (PU) on Saturday signed an MoU with Sam Houston State University (SHSU), Texas (USA), for collaborative studies and research in the field of biological sciences. The MoU was signed by PU registrar Kamesh Kumar and SHSU's biological sciences head Madhusudan Choudhary in the presence of PU vice-chancellor G K Choudhary and pro-VC Ajay Kumar Singh. Giving details of the MoU, PU internal quality assurance cell (IQAC) director Birendra Prasad said Choudhary was authorised by Michael Stephenson, the vice-president of academic affairs at SHSU, to sign the MoU. The major objectives of the MoU are to facilitate exchange of faculties, scholars and administrations and to explore the possibilities of joint research. It will also facilitate exchange of undergraduate and postgraduate students on a short-term basis in summer terms or other leisure time of the academic year.

Choudhary highlighted the important points of the present MOU, particularly relating to joint research, exchange of faculty and students as well as organising joint conferences. PU science faculty dean R K Mandal, students' welfare dean Anil Kumar, financial adviser Parmanand Chaudhary and development officer P K Khan were also present on the occasion.

## मैथिली विषय का 12दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स संपन्न

**पटना.** यूजीसी के मानव संसाधन विकास केंद्र पटना विश्वविद्यालय द्वारा मैथिली विषय का 12 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का समापन समारोह शनिवार को संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री उषा किरण खान एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पटना विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो अजय कुमार सिंह ने इस अवसर पर 38 प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया. कोर्स समन्वयक और मैथिली की विभागाध्यक्ष प्रो अरुणा चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि कोर्स में आधुनिक मैथिली साहित्य से संबंधित सभी तत्वों को बताया गया है.

पद्मश्री उषा किरण खान ने कहा कि मैथिली साहित्य एवं संस्कृति को आधुनिक काल में हुए परिवर्तन की दृष्टि से और गंभीर अध्ययन की आवश्यकता है. प्रतिकुलपति प्रो अजय कुमार सिंह ने नयी शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला.

प्रभात खबर Sun, 04 September 2022 https://epaper.prabhatkhabar.com

## पीयू ने सैम ह्यूस्टन स्टेट विवि के साथ किया एमओयू

संवाददाता, पटना

पटना विश्वविद्यालय ने शनिवार को अमेरिका के टेक्सास स्थित सैम ह्यूस्टन स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है. इस एमओयू के बाद दोनों विश्वविद्यालयों में शिक्षकों, विद्वानों और प्रशासकों का दौरा और अनौपचारिक आदान-प्रदान होगा. दोनों स्नातकोत्तर विभाग शिक्षा और प्रशिक्षण में एक दूसरे का सहयोग करेंगे. परस्पर हित के विषयों पर संयुक्त सम्मेलन, सेमिनार या अन्य वैज्ञानिक बैठकें आयोजित की जायेंगी. दोनों के बीच स्नातक, स्नातकोत्तर छात्र और पेशेवर छात्रों के आदान-प्रदान के लिए रास्ते तलाशे जायेंगे. दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम और सहयोग विकसित करने की संभावनाओं का पता लगायेंगे. इस अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी, रजिस्ट्रार कर्नल कामेश कुमार, जैविक विज्ञान विभाग के प्रो मधुसूदन चौधरी, सैम ह्यूस्टन स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि एमओयू दस्तावेज का आदान-प्रदान करते हुए उपस्थित थे. मौके पर प्रो मधुसूदन चौधरी ने वर्तमान समझौता ज्ञापन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से संयुक्त अनुसंधान, संकाय और छात्रों के आदान-प्रदान के साथ-साथ संयुक्त सम्मेलनों के आयोजन पर प्रकाश डाला. इस दौरान प्रति कुलपति प्रो अजय कुमार सिंह, डीन छात्र कल्याण प्रो अनिल कुमार, डीन विज्ञान संकाय प्रो आरके मंडल, वित्तीय सलाहकार, परमानंद चौधरी, विकास अधिकारी प्रो परिमल कुमार खान, वित्त अधिकारी डॉ बीके लाल, उप रजिस्ट्रार डॉ संजय कुमार सदस्य, आइटी सेल के डॉ अशोक कुमार झा और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद थे.




पीयू और सैम ह्यूस्टन स्टेट विवि के बीच हुआ एमओयू.

प्रभात खबर Sun, 04 September 2022 https://epaper.prabhatkhabar.com/c/69982832

## वाणिज्य महाविद्यालय के छह स्टूडेंट्स का हुआ प्लेसमेंट

**पटना.** वाणिज्य महाविद्यालय के छह स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ है. इनका प्लेसमेंट पासपोर्ट सेवा केंद्र और टीसीएस बीपीएस के लिए हुआ है. इसमें पासपोर्ट सेवा केंद्र के लिए आदित्य कश्यप, समीर कुमार झा, आरोही अनंत, अभिनव का और टीसीएस बीपीएस के लिए आरोही अनंत, शालिनी कुमारी, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव का चयन हुआ है. इसमें आरोही अनंत को जॉब का ऑफर दोनों संस्थानों ने दिया है. पटना विश्वविद्यालय के परामर्श, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के सहयोग से फरवरी 2022 से जुलाई 2022 के बीच वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रों के लिए टीसीएस द्वारा प्रशिक्षण एवं युवा रोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया था. दो बैच में लगभग 120 छात्रों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया जिसके बाद टीसीएस के प्रतिनिधि और वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एनके झा द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया. इसे आगे भी जारी रखने और पीयू के अन्य कॉलेजों में इसका विस्तार करने का निर्णय लिया गया है.

प्रभात खबर Sun, 0· https:.




## Patna University In News (04.09.2022)

दैनिक जागरण

# 12 साल बाद अरबी विभाग का खुला कमरा

**वर्ष 2010 से शिक्षक विहीन पटना कालेज के अरबी विभाग को मिल गया स्थाई शिक्षक, बिना शिक्षक ही प्रत्येक वर्ष होता रहा नामांकन**

**जागरण संवाददाता, पटना :** वर्ष 2010 से शिक्षक विहीन पटना कालेज के अरबी विभाग को आखिरकार एक स्थाई शिक्षक मिल ही गया। हैरत की बात है कि इस विभाग में प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों का नामांकन भी होता रहा। यह विभाग वाणिज्य महाविद्यालय भवन में संचालित होता है। शनिवार को बीपीएससी द्वारा एक शिक्षक की नियुक्ति कराई गई। शिक्षक आने के बाद कालेज ने वर्षों से बंद पड़े क्लास रूम और विभाग के कार्यालय की साफ-सफाई कराई। कालेज के प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार ने बताया कि इस वर्ष अरबी में चार विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है। इनमें दो छात्र और दो छात्राएं शामिल हैं। प्रत्येक वर्ष विभाग में विद्यार्थियों का नामांकन होता था। शिक्षक नहीं रहने के कारण अभी तक पीजी में क्लास करने के लिए विद्यार्थियों को भेजा जाता था। वर्ष 2010 से पटना कोलज के अरबी विभाग में एक भी शिक्षक नहीं है, जबकि यहां तीन पद हैं।

प्रो. अशोक कुमार ने बताया कि परसियन में भी दो शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। वहां स्नातक के तीनों खंडों में लगभग 30 विद्यार्थी पढ़ते हैं। बीपीएससी ने दो शिक्षकों की बहाली की है। एक और स्थाई शिक्षक की बहाली होनी है। इस विभाग में भी शिक्षक नहीं होने से पीजी में क्लास के लिए विद्यार्थी को भेजा जाता था। परसियन विभाग भी वाणिज्य महाविद्यालय के भवन में संचालित होता है।

# फेयरवेल प्रोग्राम में छात्राओं ने लिया भाग

**पटना.** मगध महिला कॉलेज में चल रहे टीसीएस ट्रेनिंग प्रोग्राम समाप्त होने के अवसर पर शनिवार को फेयरवेल का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या नमिता कुमारी ने ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा करने वाली 90 छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज से प्राप्त ज्ञान की रोशनी से बेहतर समाज के निर्माण करने के प्रति प्रेरित किया. ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा करने वाली छात्राएं एनक्यूटी टेस्ट में भाग लेंगी और टीसीएस व अन्य मल्टीनेशनल कंपनी में अपना योगदान देंगी. मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ सुरेंद्र कुमार ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

प्रभात खबर
Sun, 04
https://

दैनिक भास्कर

# पीयू के महिला अध्ययन विभाग में नामांकन के लिए आवेदन सात तक




एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पीयू के महिला अध्ययन विभाग में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया 7 सितंबर तक चलेगी। विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुनीता रॉय ने बताया कि स्नातक पास महिला छात्र महिला अध्ययन सेंटर विभाग के द्वारा संचालित कोर्स मास्टर इन वीमेन स टडीज और डिप्लोमा इन वीमेंन स्टडीज में आवेदन कर सकते हैं।

इस कोर्स को करने के बाद छात्रों का प्लेसमेंट ममता, आगा खान फाउंडेशन, केयर इंडिया, पीरामल फाउंडेशन, अजीज प्रेमजी फाउंडेशन में हुआ है। कोर्स से संबंधित अधिक जानकारी के लिए छात्र विवि की बेवसाइट पर विजिट कर सकते हैं।